संख्या– 2521/33–3–2013–73/2012

प्रेषक,

अशोक कुमार
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

(1) समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

(2) समस्त जिलाधिकारी उत्तर प्रदेश।

(3) निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0, लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 10 सितम्बर, 2013

विषयः–भूख मुक्ति एवं जीवन रक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत प्रदेश की बी0पी0एल0 श्रेणी की सभी महिलाओं को दो–दो साड़ी तथा वृद्धजनों को एक–एक कम्बल निःशुल्क दिये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–901/33–3–2013–73/2012, दिनांक 19 मार्च, 2013 द्वारा भूख मुक्ति एवं जीवन रक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत प्रदेश की बी0पी0एल0 श्रेणी की सभी महिलाओं को दो–दो साड़ी तथा वृद्धजनों को एक–एक कम्बल निःशुल्क दिये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किया गया था।

2– सम्यक विचारोपरान्त उक्त शासनादेश दिनांक 19 मार्च, 2013 में साड़ी की गुणवत्ता के परीक्षण हेतु अनुमोदित शासकीय प्रयोगशालाओं में वस्त्र समिति, कानपुर लैब को भी साड़ी की टेस्टिंग हेतु सम्मिलित किया जाता है।

3– इसके अतिरिक्त वितरित की जाने वाली साड़ी एवं कम्बल में यह टैग भी लगाया जायेगा कि साड़ी/कम्बल का वितरण पंचायती राज विभाग के सौजन्य से किया जा रहा है, वस्त्र बिक्री हेतु नहीं है।

इस प्रकार शासनादेश संख्या–901/33–3–2013–73/2012, दिनांक 19 मार्च, 2013 को इस सीमा तक संशोधित/परिवर्धित समझा जाय। उक्त शासनादेश दिनांक 19 मार्च, 2013 द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देश की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी। उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अशोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– प्रमुख सचिव, लघु उद्योग विभाग, उ0प्र0 शासन।
3– निदेशक, उद्योग, कानपुर।
4– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5– समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6– समस्त महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, उत्तर प्रदेश।
7– समस्त जिलापूर्ति अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

8– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 इण्डस्ट्रीयल कोआपरेटिव एसोसियेशन लि0, लखनऊ।

9– प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश, राज्य हथकरघा निगम, कानपुर।

10– डी0जी0एम0(मार्केटिंग), नेशनल टेक्सटाइल्स कार्पोरेशन लि0, कोर–4, स्कोप काम्पलेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली।

11– सचिव, श्री गांधी आश्रम, खादी भवन, हजरतगंज, लखनऊ।

12– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(भरत लाल राय)
विशेष सचिव।